'समानो मन्त्रः समितिः समानी'

UNIVERSITY OF NORTH BENGAL

B.A. Programme 1st Semester Examination, 2023

LCC1-P1-HINDI

हिंदी भाषा और साहित्य (MIL)

Time Allotted: 2 Hours — Full Marks: 60

The figures in the margin indicate full marks.

1. निम्नलिखित में से किन्हीं ***चार*** प्रश्नों के उत्तर लिखिए – 3×4 = 12

(क) 'हिन्दी' शब्द की व्युत्पत्ति कैसे हुई ?

(ख) अव्यय की सोदाहरण परिभाषा लिखिए।

(ग) "रहिमन पानी राखिए, बिन पानी सब सून
पानी गले न उबरे, मोती मानुष चून।"
इस दोहे में 'पानी' शब्द का प्रयोग किन-किन अर्थों में हुआ है ?

(घ) तुलसीदास रचित एक दोहा लिखिए।

(ङ) हिन्दी साहित्य में 'कलम का सिपाही' किसे कहा जाता है ? उनके किन्हीं चार कहानियों के नाम लिखिए।

(च) 'एक पारिवारिक प्रश्न' कविता के रचनाकार का नाम लिखते हुए उनके किन्हीं दो काव्य-संग्रहों के नाम लिखिए।

2. निम्नलिखित में से किन्हीं ***चार*** प्रश्नों के उत्तर लिखिए – 6×4 = 24

(क) सर्वनाम से क्या तात्पर्य है ? इसके भेदों का सोदाहरण परिचय दीजिए।

(ख) कबीर की कविता में गुरु का महत्व प्रतिपादित कीजिए।

(ग) "चमक उठीं घर भर की आँखे कई दिनों के बाद"– इस काव्य-पंक्ति की ससंदर्भ व्याख्या कीजिए।

(घ) 'अधिकार का रक्षक' एकांकी के शीर्षक की सार्थकता सिद्ध कीजिए।

(ङ) बिहारी की काव्य-भाषा पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।

(च) साहित्यिक पत्रिकाओं का महत्व बतलाते हुए अपने मित्र को पत्र लिखिए।

3. निम्नलिखित में से किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर लिखिए – 12×2 = 24

(क) रहीम के नीतिपरक दोहों का वैशिष्ट्य लिखिए।

(ख) 'हिमाद्री तुंग श्रृंग से' कविता का भाव-सौंदर्य स्पष्ट कीजिए।

(ग) 'ठेस' कहानी की मूल संवेदना पर प्रकाश डालिए।

(घ) 'गिल्लू' कौन है ? उसके दैनिक क्रिया-कलापों पर प्रकाश डालिए।

——×——